Reg. No. : ......................................

Name : ...........................................

**FY-315**

**FIRST YEAR HIGHER SECONDARY MODEL EXAMINATION – 2021**

Part – III

Time : 2½ Hours

**HINDI (Optional)**

Cool-off time : 20 Minutes

Maximum : 80 Scores

***सामान्य निर्देश :***

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 20 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

1. सही मिलान करें । **(4)**

| | | |
|---|---|---|
| एकलव्य | – | कबीरदास |
| ईदगाह | – | कीर्ति चौधरी |
| दोहे | – | रामकुमार वर्मा |
| महात्मा गाँधी | – | प्रेमचंद |

**कवितांश पढ़ें और नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

चाहा बस तुमने है !

दाहिना अंगूठा यह !

यह तो समर्पित था,

मेरा हर लक्ष्य-उपलक्ष्य,

उपकरण, साध्य –

चरणों में पहले से अर्पित था ।

2. इस कविता के रचयिता कौन हैं ? **(1)**

(सुमित्रानंदन पंत, सूरदास, कीर्ति चौधरी)

3. कोष्ठक से 'उपलक्ष्य' शब्द का अर्थ चुनकर लिखें । **(1)**

(लक्ष्य, उद्देश्य, उपकरण)

4. गुरु द्रोणाचार्य ने एकलव्य से क्या चाहा है ? **(2)**

5. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

'चीफ की दावत' पाठ का अंश पढ़ें और नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर लिखें :

मिस्टर शामनाथ चुप रहे । यह मौका बहस का न था, समस्या का हल ढूँढ़ने का था । उन्होंने घूमकर माँ की कोठरी की ओर देखा । कोठरी का दरवाज़ा बरामदे में खुलता था । बरामदे की ओर देखते हुए झट से बोले – मैंने सोच लिया है – और उन्हीं कदमों माँ की कोठरी के बाहर जा खड़े हुए । माँ दीवार के साथ एक चौकी पर बैठी, दुपट्टे में मुँह-सिर लपेटे, माला जप रही थी । सुबह से तैयारी होती देखते हुए माँ का भी दिल धड़क रहा था । बेटे के दफ़्तर का बड़ा साहब घर आ रहा है, सारा काम सुभीते से चल जाय ।

6. माँ कहाँ बैठी थी ? **(1)**

(ज़मीन पर, चौकी पर, बेंच पर)

7. कोष्ठक से संज्ञा शब्द चुनकर लिखें। **(1)**

(बैठ, माला, बड़ा)

8. माँ का दिल क्यों धडक रहा था ? **(2)**

9. खंड का संक्षेपण करें। **(6)**

**सूचना : 10 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखें।** **(2 × 2 = 4)**

10. गाँधीजी को समय का सबसे बड़ा सर्वेक्षक क्यों कहा जाता है ?

- मिनट-मिनट पर कार्यक्रम निर्धारित होना।
- समय को मूल्य देने वाला

11. कबीरदास की राय में निंदा करने वालों के लिए क्या-क्या करना है ?

- आँगन में कुटी बनाकर रखना
- अपने पास रखना

12. भक्तिकाल के दो भेद कौन-कौन से हैं ?

13. कबीर की राय में 'सच्चा गुरु' कौन है ?

- हमें दृष्टि देने वाले
- ईश्वर का दर्शन कराने वाले

**सूचना : 14 से 17 तक के प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें ।** **(1 × 4 = 4)**

14. 'एकलव्य का सारा समर्पण बेकार था' इस कथन का समर्थन करते हुए अपना मत प्रकट करें ।

- दाहिने अंगूठे का समर्पण
- अपना सबकुछ गुरुचरणों पर अर्पण
- माटी की मूरत लगाना

15. आदिकाल के प्रमुख कवि और उनके ग्रन्थ के बारे में टिप्पणी लिखें ।

- प्रमुख कवि
- साहित्य रचनायें
- भाषा की विशेषतायें

16. 'रीतिकाल' के बारे में एक टिप्पणी लिखें ।

- आरंभ 1700 से 1900 तक
- रीतिकाल के प्रमुख कवि
- नख-शिख वर्णन में प्रधानता

17. 'हामिद है बड़ा चालाक' – दूसरे बच्चों ने क्यों ऐसा सोचा ?

- पैसा बेकार से खर्च न करना
- उपयोगी चीज़ खरीदना

**सूचना : 18 से 25 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखें ।** **(4 × 6 = 24)**

18. वीरगाथाकाल (आदिकाल) का परिचय देकर इस काल की मुख्य प्रवृत्तियों पर एक लेख लिखें ।

- प्रारंभिक काल
- आश्रयदाताओं की प्रशंसा
- प्रमुख कवि चंदबरदाई

DITTO WS

19. माँ दिल ही दिल में बेटे के उज्ज्वल भविष्य की कामनायें करने लगी । अपनी उपेक्षा की परवाह किये बिना बेटे की तरक्की (promotion) की कामना करने वाली माँ के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- ग्रामीण जीवन पर आस्था
- लोकगीत एवं कलाओं से परिचित
- ईश्वर भक्त
- बेटे के प्रति ममता
- बेटे की तरक्की की कामना

20. जीवनवृत्त पढ़ें और कबीरदास के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें ।

| | | |
|---|---|---|
| जन्म | – | 1398, काशी |
| प्रमुख रचनाएँ | – | बीजक-साखी, सबद, रमैनी |
| विशेषतायें | – | भक्तिकाल के निर्गुण ज्ञानाश्रयी कवि<br>संत एवं समाज – सुधारक |
| मृत्यु | – | 1518 में, मगहर में |

21. गाँधीजी से मिलने के बाद रामकुमार वर्मा अपने मिलन की यादों को आत्मकथा में बदलना चाहते हैं । वह आत्मकथांश तैयार करें ।

- गाँधीजी से मिलने में देरी होना
- गाँधीजी से मिलना
- समय के मूल्य पर बातें
- चित्ररेखा का गीत सुनाना
- उनकी कविता का धन्य होना

22. निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और हिन्दी में अनुवाद करें :

Jawaharlal Nehru was the first Prime Minister of India. He was very close to Mahatma Gandhi. He was a man of great vision. He was a leader, politician and a writer.

(leader – नेता, politician – राजनीतिज्ञ, vision – दर्शन)

23. पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोई ।

एकै आखिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होई ।।

कबीरदास का दोहा पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

24. ज्ञानाश्रयी काव्य और कबीरदास पर टिप्पणी लिखें ।

- ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख कवि
- संत काव्य-परंपरा के प्रवर्तक
- जन साधारण की भाषा का प्रयोग
- गुरु महिमा पर ज़ोर देना

25. कृष्ण की शिकायतें टिप्पणी के रूप में लिखें ।

- बालक कृष्ण की माँ से शिकायत
- उनकी चोटी अब भी छोटी है
- बलराम की वेणी नागिन जैसा
- माँ का कच्चा दूध पिलाना

**सूचना : 26 से 33 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर लिखें ।** **(3 × 8 = 24)**

26. शामनाथ के घर में चीफ की दावत हुई । इसके बाद माँ अपने घर में हुई घटनाओं का वर्णन करते हुए अपनी सहेली को पत्र लिखती है । वह पत्र कल्पना करके लिखें ।

- बेटे का उपेक्षा भाव
- चीफ और मेहमानों का व्यवहार
- बेटे के प्रति वात्सल्य
- बेटे के उज्ज्वल भविष्य की कामना

27. 'ईदगाह' कहानी में हामिद खिलौने और मिठाई के बदले दादी के लिए एक चिमटा खरीदता है । यह देखकर उसके दो मित्रों के बीच का वार्तालाप लिखें ।

- सब बच्चों की नज़र खिलौने और मिठाई पर पड़ना
- हरेक द्वारा खिलौने और मिठाई खरीदना
- हामिद का केवल चिमटा खरीदना

28. सुबह से चीफ की दावत के लिए हो रही तैयारी देखकर माँ का दिल धड़क रहा था । वह उस दिन की डायरी लिखना चाहती है, वह डायरी तैयार करें ।

- घर में दावत की तैयारियाँ देखना
- एक ग्रामीण बुढ़िया के विचार
- मेहमान की प्रतीक्षा करना

29. गाँधीजी से मिलने के बाद रामकुमार वर्मा अपने अनुभवों का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

- गाँधीजी से भेंट ।
- समय की पाबंदी रखना ।
- हरिजनोद्धार के लिए पैसा माँगना ।
- चित्ररेखा का गीत गुनगुनाना ।

30. रामकुमार वर्मा अपनी पुस्तक 'चित्ररेखा' की बिक्री बढ़ाना चाहते हैं । पुस्तक की बिक्री के लिए योग्य विज्ञापन तैयार करें ।

- मनपसंद कवितायें
- मधुर गीत
- आम जनता को भी समझना
- सुमधुर भाषा

31. हिन्दी दिवस 'सितंबर 14' पर हमारे स्कूल में कई कार्यक्रम चलाते हैं। इसके लिए एक उचित पोस्टर तैयार करें।

- भावात्मक एकता की भाषा
- राष्ट्रभाषा
- संपर्क भाषा एवं राज भाषा

32. आदिकाल को वीरगाथा काल भी कहते हैं। आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालकर उस काल की विशेषतायें लिखें।

- इतिहास सत्य
- युद्धों का वर्णन
- श्रृंगार और वीररस प्रधान रचनायें
- कवि और प्रमुख रचनायें।

33. 'श्रेष्ठ गुरु की महिमा का कोई अंत नहीं।' कबीरदास और उनकी विचारधाराओं पर लेख लिखें।

- ज्ञानाश्रयी शाखा के कवि
- देशाटन और साधु-संतों की संगति से ज्ञानार्जन
- गुरु महिमा
- समाज-सुधारक